जातीय समानता को बढ़ावा देने के

मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

सरकारी मुख्य सूचना अधिकारी का कार्यालय

सरकारी मुख्य सूचना अधिकारी का कार्यालय(OGCIO)सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल सरकारी सेवाएं प्रदान करने और उपयोगकर्ता के अनुभव में सुधार के लिए नई खोज और प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।OGCIO जातीयता की परवाह किए बिना, जनता के सभी सदस्यों तक अपनी सेवाओं की समान पहुंच सुनिश्चित करने को बहुत महत्व देता है। इस संबंध में, निम्नलिखित उपाय किए गए हैं।

संबंधित सेवाएं

- GovHK (www.gov.hk)समाज के विभिन्न क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं को सरकारी सूचना और ऑनलाइन सेवाओं के लिए उपभोक्ता-केन्द्रित और उपयोगकर्ता-अनुकूल मंच प्रदान करता है।

- जनता के सदस्य OGCIO के बारे में OGCIO की वेबसाइट से या ईमेल या टेलीफोन पूछताछ के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मौजूदा उपाय

- GovHK के माध्यम से, विविध जातियों के लोगों को ब्यूरो और विभागों की जानकारी और सेवाओं के लिए बनाई गई,विभागीय और विषयगत वेबसाइट्स(B/Ds) के लिए निर्देशित किया जा सकता है।

- दिसंबर 2010 में GovHK पर विविध जातियों के लोगों के लिए एक समर्पित बहु-भाषा मंच तैयार किया गया है।विभिन्न B/Ds द्वारा प्रदान की गई आवश्यक जानकारी के लिंक कुल सात भाषाओं(चीनी और अंग्रेजी के अलावा)में उपलब्ध हैं।प्रत्येक विशिष्ट भाषा वेबपृष्ठ पर खोज प्रणाली (सर्च फ़ंक्शन)विविध जातियों के उपयोगकर्ताओं को अधिक आसानी से जानकारी का पता लगाने में सक्षम बनाता है।

- वर्तमान में, 1823 GovHK के लिए सहायता केंद्र (हेल्पडेस्क) सेवा प्रदान कर रहा है, और विविध जातियों के लोगों के लिए फोन और ईमेल को अल्पसंख्यक जातीयों के लिए केन्द्र(CHEER)में पुनर्निर्देशित (रिडाईरेक्ट) कर सकता है। CHEER फोन करने वालों के साथ संवाद करेगा,और यदि आवश्यक हो, तो उन्हें सहायता के लिए प्रासंगिक B/Ds को संदर्भित करें।

- OGCIO के बारे में जानकारी OGCIO की वेबसाइट पर चीनी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध है।

- जहां आवश्यक और उचित होगा, व्याख्या सेवाओं की व्यवस्था की जाएगी।

भविष्य के काम का मूल्यांकन

- हम GovHK और बहुभाषीय मंचों पर उपलब्ध हाइपरलिंक्स और जानकारी को जहां भी आवश्यक होगा अपडेट करने के लिए B/Ds के साथ काम करेंगे।

- OGCIO मौजूदा उपायों की नियमित रूप से समीक्षा और इसमें सुधार करेगा।

किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

- हम विविध जातियों के लोगों के लिए प्रासंगिक और अधिक सामग्री को GovHK से जोड़ने पर B/Ds के साथ काम करेंगे।

- जातीय समानता के प्रति जागरूकता, और संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और नियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया श्री बोरिस लेउंग, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)1 से निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से संपर्क करें –

टेलीफोन नंबर	:	3847 7439
फैक्स नंबर	:	2802 4549
ई-मेल	:	enquiry@ogcio.gov.hk
डाक का पता	:	12/F, Treasury Building, No. 3 Tonkin Street West, Cheung Sha Wan, Kowloon

सरकारी मुख्य सूचना अधिकारी का कार्यालय

मई 2022